# जिलाधिकारी ने किया विधि व्यवस्था टास्क फ़ोर्स, उत्पाद मध निषेध खनन भूमि विवाद से सबंधित समीक्षा बैठक

निज संवाददाता, नवादा

दीपक कुमार मिश्रा जिला पदाधिकारी नवादा के अध्यक्षता में कार्यालय प्रकोष्ठ में विभिन्न विभागों के कार्यों की विस्तृत समीक्षात्मक बैठक हुई। आज विधि व्यवस्था टास्क फ़ोर्स, उत्पाद मध निषेध खनन भूमि विवाद , अभियोजन आदि के कार्यों की समीक्षात्मक बैठक हुई। जिलाधिकारी ने अपने कार्यालय प्रकोष्ठ से वीसी के माध्यम से सभी थाना अध्यक्ष अंचलाधिकारी आदि से विधि व्यवस्था ,टास्क फोर्स खनन भूमि विवाद के संबंध में फीडबैक प्राप्त किया। सभी अंचलाधिकारी को निर्देश दिया गया कि अवैध खनन में पकड़े हुए गाड़ियों को लगाने के लिए थाना के पास जमीन चिन्हित करना सुनिश्चित करें. इसके लिए अनुमंडल पदाधिकारी नवादा सदर और रजौली को भी आवश्यक निर्देश दिया गया ।आगामी बकरीद पर्व को देखते हुए सभी अधिकारियोंऔ को विधि व्यवस्था सुचारू रूप से संचालन के लिए कई महत्वपूर्ण निर्देश दिया गया ।उन्होंने कहा कि 107 के तहत बांण्ड डॉन कार्रवाई में तेजी लाएं ।शांति समिति की बैठक आहूत करना सुनिश्चित करें । सभी थानाध्यक्ष और अंचलाधिकारी को निर्देश दिया गया कि काफी गर्मी और जानलेवा लू के बावजूद भी निजी विद्यालय खोले जाने की जांच करते हुए कार्रवाई करने का निर्देश दिया । यदि निजी विद्यालय 24 जून 2023 के पहले खुले पाए जाते हैं तो संबंधित प्रबंधकों पर प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने जिले वासियों से अपील किया कि यदि बहुत जरूरी काम नहीं हो तो, सुबह 11:00 बजे से शाम 3:30 बजे तक बाहर नहीं निकले. जिला प्रशासन के द्वारा लू लगने पर सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं सदर अस्पताल नवादा में बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है विशेषकर 50 वर्ष से ऊपर के वयोवृद्ध नागरिकों को घर में रहने की सलाह दी गई है.यदि बाहर निकलना है तो भरपेट पानी



पिए और साथ में पानी का बोतल भी लेना ना भूलें। भीषण गर्मी और जानलेवा लू को देखते हुए कार्यपालक पदाधिकारी को निर्देश दिया गया है कि सभी चौक चौराहों पर शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें । श्री अंब्रिश राहुल पुलिस अधीक्षक नवादा ने कहा कि चिन्हित असमाजिक व्यक्तियों बांण्ड डॉन भराना सुनिश्चित करें। उन्होंने मदध निषेध को कड़ाई से अनुपालन करने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि देशी और विदेशी शराब को आपूर्तिकर्ता को पकड़े हैं और कठोर कार्रवाई करें ।सभी थानाध्यक्ष को निर्देश दिया गया कि अवैध खनन को रोकने के लिए दिन रात चौकसी करना सुनिश्चित करें ।बालू घाटों पर औचक निरीक्षण करें और पकड़े जाने पर संबंधित गाड़ियां मालिकों पर विधि सम्मत कार्रवाई यथाशीघ्र करते हुए सूचित करें । जिला उत्पाद अधीक्षक के द्वारा कहा गया कि सिरदला, हिसुआ ,मेसकौर आदि प्रखंड क्षेत्रों से शराब की आवाजाही की सूचना मिलती रहती है ।पुलिस अधीक्षक ने संबंधित थानाध्यक्ष को निरीक्षण और शराब आपूर्तिकर्ताओं को पकड़े और विधि सम्मत कार्रवाई करें । आपदा विभाग के द्वारा आवश्यक सूचनाओं को ऑनलाइन लोड नहीं करने के कारण कई अंचलाधिकारी को कार्रवाई करने की चेतावनी दी गई। आज की बैठक में श्री उज्ज्वल कुमार सिंह अपर समाहर्ता सह अपर जिला दंडाधिकारी ,सुश्री अपूर्वा त्रिपाठी सहायक जिला अधिकारी श्री अखिलेश कुमार अनुमंडल पदाधिकारी नवादा सदर ,श्री प्रशांत अभिषेक जिला अनुमंडलीय लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी श्री सत्येंद्र प्रसाद, सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी नवादा सदर ,श्रीमती प्रियंका सिन्हा श्रीमतीअमु अमला एसडीसी, श्री राजीव कुमार एसडीसी सुमन कुमारी जिला खनन अधिकारी

श्रीमतीअमु अमला एसडीसी, श्री राजीव कुमार एसडीसी सुमन कुमारी जिला खनन अधिकारी आदि उपस्थित थे।

## भीषण गर्मी से अस्पताल और गाबर कंस्ट्रक्शन कंपनी में लगी आग,अग्निशमन कर्मियों ने पाया काबू

निज संवाददाता, रजौली



मुख्यालय स्थित अनुमंडलीय अस्पताल व अमावां मोड़ स्थित गाबर कंस्ट्रक्शन कंपनी में भीषण गर्मी के कारण आग लग गई।दूरभाष के माध्यम से सूचना मिलने पर अग्निशमन कर्मी पहुंच कर आग पर काबू पाया।अग्निशमन पदाधिकारी रामअवध सिंह ने बताया कि दोपहर लगभग 12 बजे अनुमंडलीय अस्पताल से कार्यालय में आग लगने की सूचना मिली।सूचना मिलते ही पांच मिनट के बाद अग्निशमन कर्मी अस्पताल परिसर में पहुंच आग पर काबू पाया गया।वहीं अस्पताल के प्रभारी चिकित्सक डॉ दिलीप कुमार ने बताया कि अस्पताल परिसर में मुख्य भवन के पीछे रखे कचरा में अज्ञात कारणों से आग लग गई।अस्पतालकर्मी द्वारा सूचना मिलने पर अग्निशमन कार्यालय को सूचना दी गई।प्रभारी उपाधीक्षक ने बताया कि आग लगने से किसी प्रकार की हताहत नहीं हुई है।वहीं गाबर कंस्ट्रक्शन में अज्ञात कारणों से लगी आग पर दो बड़ी वाहन मौके पर पहुंच काफी मशक्कत के बाद काबू पाया गया।अग्निशमन पदाधिकारी ने बताया कि गर्मी के दिनों में थोड़ी सावधानियां बरतनी चाहिए।इस मौके पर अग्निक मधेश कुमार व गुड्डू पासवान,अग्निक चालक सतीश कुमार,गृह रक्षक रामचन्द्र प्रसाद,अर्जुन प्रसाद व सीताराम सिंह के अलावे अन्य अग्निकर्मी मौजूद रहे।

## भीषण गर्मी में जरूरी हो तभी निकलें घर से बाहर-सीओ रजनी कुमारी

**नरहट (नवादा)**: भीषण गर्मी है, गर्म हवाएं चल रही है। भीषण गर्मी में लू लगने का खतरा रहता है। इसलिए अति आवश्यक हो तभी घर से बाहर निकले उक्त बातें सीओ रजनी कुमारी ने कही। उन्होंने प्रखण्ड वासियों से अपील किया है कि तेज धूप और भीषण गर्मी पड़ रही है। आसमान से आग बरस रहा है इसलिए आप लोग घर में रहे सुरक्षित रहें। 10 बजे से तीन बजे तक हो सके तो घर से बाहर नही निकले। आवश्यक कार्य हो तो जब भी घर बाहर धूप में जाएं तो इन बातों का ख्याल जरूर रखें। जितनी बार हो सके पानी पीयें, बार -बार पानी पीयें, सफर में अपने साथ पीने का पानी हमेशा रखें। यथा संभव हल्के रंग के, ढीले ढाले एवं सूती कपड़े पहने। धूप के चश्मे का इस्तेमाल करें, गमछे या टोपी से अपने सिर को ढकें व हमेशा जूता या चप्पल पहनें। हल्का भोजन करें, अधिक पानी की मात्रा वाले मौसमी फल जैसे - तरबूज़, खीरा , ककड़ी, खरबूजा, संतरा आदि का अधिकाधिक सेवन करें। जानवरों को छाँव में रखें एवं उन्हें भी खूब पानी पीने को दें। अगर तबियत ठीक न लगे या चक्कर आये तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। इन सभी बातों को जरूर ध्यान में रखें। भीषण गर्मी में इन बातों का पालन कर लू की बीमारी से बचा जा सकता है।

## ननिहाल आये 55 वर्षिय व्यक्ति की मौत

**नरहट**। प्रखण्ड क्षेत्र के राजाबिगहा गांव में रविवार की शाम बजे के करीब अकबरपुर कुहिला गांव से अपने ननिहाल राजाबिगहा आये एक व्यक्ति की अचानक मौत हो गई। मृतक की पहचान 55 वर्षिय कपिल देव सिंह के रूप की गई है जो अपने ननिहाल राजबीघा गांव मामा कामता सिंह के घर आया हुआ था। घटना की जानकारी के बाद गांव में कोहराम मच गया। ग्रामीण सह पूर्व भाजपा प्रखण्ड अध्यक्ष उमाकांत सिंह ने बताया कि मृतक एक दिन पहले अपना ननिहाल आया था। रविवार को सुबह क्रियाकर्म सब ठीक से किया। खाना पीना सब ठीक ठाक से खाया है। दोपहर में सो गया था। शाम चार बजे के करीब उसको उठाया गया तो नही उठा। तब लोगों ने देखा कि यह मृत हो चुका है। घटना के जानकारी के बाद घर में एवं गांव में कोहराम मच गया। मृतक का घर अकबरपुर प्रखण्ड के कुहिला गांव का रहने वाला था। घटना की सूचना के बाद स्वजन पहुचे और शव को अपने साथ लेते चले गए जहाँ उनका अंतिम संस्कार किया गया। आशंका जाताया जा रहा है कि भीषण गर्मी से लू लगने के कारण उनकी मौत हो गई है। हालांकि लू लगने की अधिकारी पुष्टि नहीं हुई है।

## 30 जून तक राशनकार्डधारी का आधार से लिंक होना अनिवार्य-एमओ

**नारदीगंज**। प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी रविरंजन कुमार ने सोमवार को कहा आगामी 30 जून तक राशनकार्ड को आधार सीडिंग करा लें,अन्यथा उन्हें खाद्यान्न के लाभ से बंचित कर दिया जायेगा। उन्होंने कहा कार्ड में अंकित प्रत्येक सदस्यों का आधार सीडिंग 30 जून 23 तक अनिवार्य रूप से कराने का निर्देश विभाग के द्वारा दिया गया है। सभी राशन कार्ड धारियों से अनुरोध है कि अपने राशन कार्ड में अंकित सभी सदस्यों का आधार सीडिंग 30 जून 23 तक अनिवार्यता करा लें।इसके लिए प्रत्येक सदस्य किसी भी जन वितरण प्रणाली की दुकान पर संधारित ईपीडीएस मशीन के माध्यम से निःशुल्क आधार सीडिंग ईकेवाईसी करा सकते हैं। यदि किसी राशन कार्ड में अंकित किसी सदस्य का आधार सीडिंग 30 जून 23 तक नहीं की जाएगी तो ऐसे सभी सदस्यों का नाम राशन कार्ड से एक जुलाई 2023 के प्रभाव से हटा दिए जाएंगे और उन्हें ऐसे सदस्यों को खाद्यान्न का लाभ नहीं दिया जाएगा ।कहा गया यदि किसी राशनकार्ड में दस सदस्यों की संख्या है,और उसमें दो तीन लोगों का नाम आधार कार्ड से जुड़ा नहीं है,तो वैसे लाभुक 30 जून तक राशनकार्ड में आधार सिंडिग करा लेना अनिवार्य है,ताकि उन्हें भी खाद्यान का लाभ दिया जा सके।

## बर्खास्त बीसीए सचिव की पूर्वी चंपारण में गठित समिति असंवैधानिकः ज्ञानेश्वर

**मोतिहारी**। बिहार क्रिकेट एसोसिएशन(बीसीए) के बर्खास्त सचिव अमित कुमार द्वारा पूर्वी चंपारण जिला क्रिकेट संघ (इसीडीसीए) के नाम पर भ्रांतियां फैलाने का काम किया जा रहा। बर्खास्त सचिव द्वारा पूर्वी चंपारण में में एक तदर्थ समिति बनाई गई है, जो अपने आप में विरोधाभास पैदा कर रही है। ज्ञात हो कि बीसीए सचिव अमित कुमार को बिहार क्रिकेट एसोसिएशन की कमेटी ऑफ मैनेजमेंट (सीओएम) सहित एजीएम द्वारा बर्खास्त कर दिया गया है। वहीं माननीय लोकपाल द्वारा आदेश संख्या omb/02/2023 पारित करते हुए बिहार क्रिकेट एसोसिएशन को 45 दिनों के अंदर सचिव का चुनाव कराने को आदेशित भी किया गया है। बिहार क्रिकेट एसोसिएशन के टूर्नामेंट कमेटी के कन्वेनर ज्ञानेश्वर गौतम ने बताया कि बर्खास्त सचिव द्वारा पू.च. में एक तदर्थ समिति बनाई गई ,है जो पूर्णतः असंवैधानिक हैं। कहा कि वर्तमान परिदृश्य में पूर्वी चंपारण जिला क्रिकेट संघ(इसीडीसीए)में किसी भी तरह का कोई विवाद नहीं है। पूर्वी चम्पारण जिला क्रिकेट संघ (इसीडीसीए) बहुत अच्छे तरीके से क्रिकेट खेल व उससे जुड़ी गतिविधियों पर चरणबद्ध काम कर रही है। जल्द पूर्वी चंपारण जिला क्रिकेट संघ(इसीडीसीए) का जो चुनाव लंबित है उसे संपन्न करा लिया जाएगा। जल्द अंडर-19 का जोनल लीग मैच प्रारंभ होने वाले हैं। साथ ही अंडर-16 का जोनल मैच भी बेगूसराय, झाझा और सोनपुर में संपन्न होंगे।

# रूद्र महायज्ञ एवं शिव प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकाली गई कलश यात्रा

» भीषण चलती लू थपेडे के बावजूद हार नहीं मानें श्रद्धालु

हिसुआ से राकेश रौशन की रिपोर्ट



**सीतामढ़ी**। सीतामढ़ी थाना क्षेत्र के रेपूरा गाँव में शिव प्राण प्रतिष्ठा को लेकर 11 दिवसीय रूद्र महायज्ञ का आयोजन किया गया है। इसी को लेकर सोमवार को कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें सैकङों महिला-पुरुष श्रद्धालुओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। श्रद्धालुओं द्वारा शिव मंदिर के समीप बने यज्ञ मंडप से कलश लेकर तमसा नदी तट पर पहुँचे। जहाँ मौजूद विद्वान पंडितों द्वारा मंत्रोच्चार के बीच कलश में जल भराई का कार्य सम्पन्न हुआ। इस दौरान रास्ते में श्रद्धालुओं के लिए शीतल पेय जल एवं शर्बत की व्यवस्था की गई थी। कलश यात्रा के साथ डीजे पे भक्तिमय संगीत, रथ, घोङे,ढोल नगाङा के संगीत पर जय श्रीराम के नारों के साथ झुमते गाते सैकड़ो की संख्या में बच्चे बुढे एवं नौजवान श्रद्धालु चल रहे थे। महायज्ञ में आने वाले श्रद्धालुओं के मनोरंजन के लिए नौका झूला, आसमानी झूला, ड्रैगन झूला एवं ब्रेकडांस झूला सहित बच्चों के मनोरंजन के लिए अन्य प्रकार के छोटे बङे मनोरंजन का साधन उपलब्ध कराया गया है। इस महायज्ञ में 21 जून से 29 जून तक श्री श्री 108 श्री प्रभंजनानन्द जी महाराज के द्वारा संगीत मय राम कथा का आयोजन कराया जाएगा। बाहर से आए श्रद्धालु भक्तों के लिए यहाँ ठहरने एवं खाने का उत्तम व्यवस्था किया गया है।

## कोंग्रेसियो ने राहुल गांधी का मनाया जन्म दिन




निज संवाददाता, नवादा

राहुल गांधी जी के जन्मदिन के शुभ अवसर पर देश भर के विश्वविद्यालय एवं कॉलेजों में खुली मोहब्बत की दुकान के तर्ज पर नवादा K L S कॉलेज में एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष सूरज सिंह यादव ने छात्रों के बीच गुलाब देकर राहुल गांधी जी का जन्मदिन मनाया ।साथ ही साथ कहा हमने नेहरू और गांधी जी के बारे सिर्फ सुना है लेकिन मुझे गर्व है मैंने जननायक आदरणीय श्री राहुल गांधी जी को देखा और सुना है! वर्तमान समय के राजनीति के एकमात्र महापुरुष जिसे सिर्फ भारत के लोग ही नहीं वैश्विक स्तर पर भी लोग एक बार जरुर करीब से देखने की चाहत रखते हैं! साथ ही साथ संगठन के छात्र नेता मौजूद रहे साथ में K L S कॉलेज के पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष कौशल राय दीपू सिन्हा रवि कृष्णा राधे जी विधान यादव विकी मालाकार मुकुल राज आनंद सैकड़ों छात्र मौजूद रहे। दूसरे तरफ कांग्रेस जिला अध्यक्ष सतीश कुमार उर्फ मंटन सिंह के अध्यक्षता में युवा कांग्रेस नवादा द्वारा कांग्रेस के पुर्व अध्यक्ष जनजन के नेता गरिब किसानों के मसिहा माननीय श्री राहुल गांधी जी का जन्मदिन धुमधाम से मनाया गया और राहुल गांधी जी के दिर्घायु के लिए प्राथर्ना किया गया और कांग्रेस के सभी कार्यकर्ताओं ने आने वाले 2024 लोकसभा चुनाव में राहुल गांधी जी को प्रधानमंत्री के बनाने का संकल्प लिया! अब्दुल्लाह आजम पुर्व प्रदेश सचिव युवा कांग्रेस,युवा कांग्रेस अध्यक्ष इरशाद अंसारी, विपिन कुमार, मनिष कुमार मजदूर संघ अध्यक्ष, संचित कुमार प्रखण्ड अध्यक्ष, विवेक यादव, नितीश यादव, राजा आदि मौजूद थे।

## ट्रैक्टर की चपेट में आने से शिक्षक की मौत

निज संवाददाता, पकरीबरावां

कौआकोल पथ पर दतरौल मोड़ के पास सड़क हादसे में पकरीबरावां थाना क्षेत्र के बेगराजपुर गांव निवासी सत्येन्द्र विश्वकर्मा के 25 वर्षीय पुत्र प्रकाश कुमार की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतक कौआकोल प्रखण्ड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय खड़सारी के शिक्षक थे। उनकी मां मंजू देवी बेगराजपुर गांव की पीडीएस डीलर है। घटना की सूचना कचना गांव निवासी समाजसेवी धर्मेन्द्र यादव ने स्थानीय थाना एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पकरीबरावां को दी। सूचना मिलते ही प्रखण्ड विकास पदाधिकारी नीरज कुमार, राजस्व अधिकारी गोपाल पासवान, प्रभारी थानाध्यक्ष मनीष कुमार, एएसआई परमा प्रसाद ने घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच की। परिवार वालों ने बताया कि वह बाइक से अपनी मां को घर छोड़ने के बाद पुनः पकरीबरावां किसी काम से जा रहा था। इस दौरान दतरौल गांव की ओर से आ रहे ट्रैक्टर ने बाइक में टक्कर मार दी, जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। घटना के बाद ट्रैक्टर चालक वाहन को छोड़कर भाग गया। बीच सड़क पर ट्रैक्टर एवं मृतक के शव के रहने के कारण इस मार्ग पर जाम हो गया। परिवार एवं बेगराजपुर गांव के लोग ट्रैक्टर चालक की लापरवाही की बात कह कर आक्रोशित थे। वे लोग ड्राइवर की गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे। **पुत्र की लाश को देखते ही दहाड़ मारकर रोने लगी मां**- पुत्र की लाश को देखते ही मां मंजू देवी दहाड़ मार कर रोने लगी। वह अपने होनहार एवं कमाऊ पुत्र की मौत से सदमे में थी। वह बार- बार बेहोश हो रही थी। प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को देखते ही वह फफक- फफक रोने लगी। बीडीओ ने उसे ढ़ाढस बंधाया। मृतक का बड़ा भाई का भी रो- रोकर बुरा हाल है। मृतक की दोनों बहनें बेसुध है। घटना से हर कोई मर्माहत है। परिवार के लोगों ने बताया कि वह पढ़ने में काफी तेज था। फरवरी 2022 में वह शिक्षक के पद पर योगदान दिया था। **सड़क हादसे में हो गई है बढ़ोतरी**- पकरीबरावां में लगातार सड़क हादसे हो रहे हैं। हाल ही में सड़क हादसे में मेघिपुर एवं छतरवार के एक- एक व्यक्ति की मौत हो गई। कुछ माह पूर्व मड़वा मोड़ के पास एरुरी के एक व्यक्ति की सड़क हादसे में मौत हो गई। इधर, युवक

# आगामी विस चुनाव में महागठबंधन फिर से बनाएगी सरकार : देवा

निज संवाददाता, मोतिहारी



नगर निगम की मेयर प्रीति कुमारी के आवास परिसर में राजद नेता देवा गुप्ता के नेतृत्व में अभिनंदन सह मिलन समारोह का आयोजन हुआ। इसमें राजद के नए जिलाध्यक्ष कल्याणपुर विधायक मनोज यादव का भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर समारोह संयोजक देवा गुप्ता ने भाजपा के सैंकड़ों नेता एवं कार्यकर्ताओं को राजद जिलाध्यक्ष मनोज कुमार यादव के समक्ष पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई। राजद में शामिल होने वालों में मुख्य रूप से भाजपा युवा नेता सह जिला संगठन के मिडिया प्रभारी आतिश आनंद उर्फ दुर्गाजी, दर्जनों वार्ड पार्षद, पंचायत समिति सदस्य एवं सैकड़ों की संख्या में भाजपा नेता एवं कार्यकर्ता थे। राजद नेता देवा गुप्ता ने कहा कि बीजेपी की सरकार से व्यवसायी, छात्र, मजदूर सभी लोग परेशान हैं। महंगाई अपनी चरम सीमा पर है। 2024 में पूरे देश की जनता गरीब विरोधी भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकेगी। साथ ही 2025 विधानसभा चुनाव में महगठबंधन फिर से सरकार बनाएगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिहार सरकार के कानून मंत्री डॉ. शमीम अहमद ने कहा कि युवाओं को रोजगार के नाम पर भाजपा एक फैक्ट्री भी बिहार में नहीं लगवाई और झूठे वादों से लोगों को ठग रही है। राजद जिलाध्यक्ष मनोज यादव ने कहा कि बीजेपी मतलब बड़का झूठ पार्टी है। यहीं पर पीएम नरेंद्र मोदी ने मोतिहारी चीनी मिल चालू कर उसकी चीनी के बने चाय पीने का वादा किया था, जो महज जुमला भर साबित हुआ। उन्होंने कहा की प्रधानमंत्री और भाजपा के नेता केवल झूठ बोलने का काम करते है। मौके पर पूर्व विधायक राजेन्द्र राम, पूर्व विधायक लक्ष्मी नारायण यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष बच्चा यादव, युवा अध्यक्ष राजद एहतेशाम अहमद, अनीश कश्यप, मुन्ना पण्डित, हरिंदर यादव, जावेद अहमद, जगदीश विद्रोही, बिट्टू सिंह, बाला सिंह, नसीम अख्तर, रंजीत कुमार आदि उपस्थित थे।

# उपचार ना किया जाए, तो लू से भी है जान को खतरा: अवधेश

निज संवाददाता। सुगौली

प्रखंड अंतर्गत सुगांव, बौधा, वीरता टोला सहित अन्य बस्तियों में भीषड़ गर्मी को देखते हुए लू से बचाव को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता अवधेश कुमार गुप्ता ने ग्रामीणों को जागरूक किया। उन्होंने बताया कि लू लगना भले ही एक मौसमी समस्या हो, लेकिन इसका समय पर उपचार ना किया जाए तो जान के लिए यह खतरा भी उत्पन्न करता है। उन्होंने लू लगने के लक्षणों के बारे में बताते हुए कहा की लू लगने के बाद शरीर अपना तापमान नियंत्रित नहीं कर पाता है और टेम्प्रेचर लगातार बढ़ता चला जाता है। शरीर का ताप बढ़ने के बाद भी पसीना नहीं आता है, लगातार जी-मिचलाता है और उल्टी भी हो सकती है। त्वचा पर लाल निशान, चकते भी दिख सकते हैं, दिल की धड़कने तेज रहती है, सिर में दर्द बना रहता है, मानसिक स्थिति बिगड़ने लगती है, कुछ भी सोचने-समझने की शक्ति भी नहीं रहती है। कुछ सोचने की कोशिकर करो तो चीजें याद नहीं आती हैं, बुखार बढ़ता चला जाता है। उन्होंने कहा कि ऐसे कपड़े पहनने से बचें, जिनमें हवा पास ना होती हो, कॉटन पहनना सबसे सही है। उन्होंने कहा कि अगर किसी को लू लग गया हो तो गीले कपड़े से शरीर को हल्के हाथों से पोंछे, सांस नॉर्मल करने का प्रयास करें और ताजा पानी पिएं, इलेक्ट्रॉल घोल, नींबू पानी पीना सबसे अधिक लाभकारी होता है। फिर थोड़ी देर के लिए गीला तौलिया सिर पर रखें ताकि मस्तिष्क शांत हो सके, शरीर का तापमान नियंत्रित होने पर ताजे पानी से स्नान करें, उल्टी-पेटदर्द और लूज मोशन होने की स्थिति में डॉक्टर से संपर्क करें, अगर बुखार हो जाए तब भी अपने मन से दवा का सेवन ना करें व डॉक्टर से सुझाव लेकर ही दवाओं का सेवन करें। श्री गुप्ता ने लू से बचाव को लेकर कहा कि तेज धूप और गर्म हवाओं में निकलने से बचें, यदि किसी कारण तेज गर्मी में घर से बाहर निकलना पड़े तो नींबू पानी या इलेक्ट्रॉल पीकर निकलें, नारियल के पानी का सेवन करें। सोडा, कोल्ड ड्रिंक, कॉफी और चाय से जितना हो सके दूर रहें, ये शरीर में पानी की मात्रा को कम करने काम करती है। इससे लू लगने की आशंका बढ़ जाती है, धूप में निकलने से पहले कॉटन के कपड़े पहनें और फुल बाजू के कपड़े पहनें, धूप से बचाव के लिए छाते का उपयोग करें, सिर को तौलिया रखे या टोपी पहने। नाक और मुंह के हिस्से को मास्क से कवर रखें या फिर रुमाल बांधकर रखें, पानी की बोतल साथ लेकर चलें और प्यास को बर्दाश्त ना करें, कभी भी भूखे पेट धूप में या गर्म हवाओं में न जाएं। इसके साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार द्वारा चलाई जा रही मुख्यमंत्री बृद्धजन पेंशन, स्टूडेंट्स क्रेडिट कार्ड, कन्या उत्थान योजना सहित अन्य योजनाओं की महत्वपूर्ण जानकारी दी। मौके पर टेली लॉ सीएससी पीएलवी नीतू कुमारी सर्राफ, पशु टिकाकर्मी रणधीर कुमार, शत्रुधन साह आदि मौजूद थे।

# तेज रफ़्तार बाइक और बोलेरो के बीच हुई टक्कर, बहन की हुई मौत

**निज संवाददाता**

**पूर्णिया।** जिले के के हाट थाना क्षेत्र में डाकबंगला के पास तेज रफ्तार बाइक ने सड़क पार कर रहे एक बोलेरो में साइड से टक्कर मार दी। इसमें एक बाइक पर सवार तीन भाई-बहन गंभीर रूप से जख्मी हो गए। इलाज के दौरान शालू खातून की मौत हो गई। तीन भाई बहनों में सुहाना की हालत भी काफी नाजुक है। दो भाई-बहनों का पूर्णिया जीएमसीएच में इलाज चल रहा है। बाइक की रफ्तार इतनी तेज थी कि मोटरसाइकल पर पीछे बैठी लड़की एक्सीडेंट के बाद बोलेरो के नीचे घुस गई। वहां मौजूद लोगों ने वाहन के नीचे से उसे बाहर निकाला। वहीं सड़क हादसे में जख्मी तीनों बहन की पहचान मधुबनी टीओपी थाना क्षेत्र से सिपाही टोला निवासी




मोहम्मद फारुख की पुत्री सुहाना खातून, शालू खातून और पुत्र मो. निशु के रूप में हुई है। रेणु उद्यान के पास की इस घटना के सम्बन्ध में घायल निशु ने बताया कि परिवार को सभी सदस्य बर्थडे पार्टी में शामिल होने के लिए बरसोनी स्थित ननिहाल गए हुए थे। रविवार की देर रात पार्टी खत्म होने के बाद पूर्णिया स्थित घर लौटते वक्त हादसा हुआ। निशु ने बताया कि वे दो बाइक से घर लौट रहे थे। इस दौरान दूसरी बाइक पर उनकी मां भी उनके पीछे आ रही थी। इसी दौरान डाकबंगला के समीप रेणु उद्यान के पास सड़क पार कर रहे एक बोलेरो से उसकी पल्सर बाइक टकरा गई। इधर, हादसे के बाद के हाट थाना पुलिस ने दोनों क्षतिग्रस्त वाहन को जब्त कर लिया और थाने ले आई।

## बाज़ार जा रहे दो युवकों को अपराधियों ने गोली मारकर किया जख्मी

**निज संवाददाता**

**सिवान।** जिले में अपराधी बेख़ौफ़ होकर आपराधिक घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। पुलिस एक घटना की गुत्थी सुलझा भी नहीं पाती है की अपराधी दूसरी घटना को अंजाम देकर फरार हो जा रहे हैं। इसी कड़ी में बेख़ौफ़ अपराधियों ने दो युवकों को गोली मार घायल कर दिया। घटना सिवान जिले के रघुनाथपुर थाना क्षेत्र के टारी गांव के समीप की बताई जा रही है। बताया जा रहा है की एक ही गांव गंभियार निवासी आदित कुमार और शिव कुमार अपने गांव से कचनार बाजार जा रहे थे। तभी रास्ते में पांच छः के संख्या में हथियार बंद अपराधियों ने दोनो युवकों को गोली मार दिया। इस घटना में दोनो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीँ अपराधी युवकों को गोली मारकर हथियार लहराते निकलते बने। सूचना मिलने के बाद मौके पर आस पास के लोगो की भीड़ उमड़ पड़ी। लोगो ने स्थानीय पुलिस को इसकी सूचना दी। जिसके बाद मौके पर पुलिस पहुंच जांच में जुटी हुई हैं। वही समाजसेवी सह वीआपी के जिलाध्यक्ष श्रीनिवास यादव ने जिला पुलिस प्रशासन से अपराधियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर कार्रवाई करने की मांग की है।

## मौसम का तेजी से बदल रहा मिजाज आज से झमाझम बारिश के आसार

**निज संवाददाता**

**पटना।** भीषण गर्मी और लू के थपेड़ों से परेशान बिहार के लोगों के लिए राहत भरी खबर है। पटना समेत प्रदेश के कई जिलों में बीते 18 दिनों के बाद मौसम का मिजाज बदला है। रविवार को पटना व इसके आसपास इलाकों में बादल छाए रहने के साथ हल्की वर्षा ने लोगों को भीषण गर्मी व लू से राहत तो दी है, लेकिन अलग- अलग जिलों में लू लगने से नौ और लोगों की मौत हो गई है। वहीं सोमवार से राज्य के सीमांचल के जिलों में एक बार फिर से मानसून के सक्रिय होने का अनुमान है। इससे किशनगंज सहित आसपास के जिलों में तेज बारिश का पूर्वानुमान है। वहीं पटना में रविवार को दोपहर पौने एक बजे के करीब पटना के विभिन्न इलाकों में तेज हवा के साथ वर्षा से मौसम सुहाना बना रहा। इससे पटना समेत 24 शहरों के अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई। पटना के अधिकतम तापमान में 2।2 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आने के साथ 42।5 डिग्री सेल्सियस तापमान




दर्ज किया गया, जबकि 45।3 डिग्री सेल्सियस के साथ भोजपुर प्रदेश का सबसे गर्म शहर रहा।मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, भीषण गर्मी के बीच पुरवा का प्रभाव होने से वातावरण में नमी का संचार हो रहा है। इसके प्रभाव से बादल बनने लगे हैं। इन मौसमी प्रभावों को देखते हुए सोमवार को 27 जिलों में मेघ गर्जन की चेतावनी जारी की गयी है। किशनगंज में भारी वर्षा की संभावना है, जबकि बक्सर, कैमूर, रोहतास में लू का प्रभाव दिखेगा। सोमवार से मानसून की सुस्ती में तेजी आएगी। अगले दो से तीन दिनों के दौरान प्रदेश के अन्य हिस्सों में तेजी से प्रसार होने की स्थिति बन रही है। हालांकि, प्रदेश के दक्षिण- पश्चिम भागों में गर्मी का प्रभाव बना रहेगा। मौसम में बदलाव के कारण प्रदेश के अधिकतम तापमान में चार से पांच डिग्री गिरावट की संभावना है। वर्षा की गतिविधियां प्रदेश में मंगलवार से बढ़ेगी। वहीं, 20 जून को गया, पटना आदि शहरों में आंधी- पानी की संभावना है। उधर रविवार को पटना समेत 15 शहरों में भीषण लू का प्रभाव बना रहा। वहीं, किशनगंज जिले के अलग- अलग स्थानों पर वर्षा दर्ज की गई। दिन में लू के थपेड़ों से बीमार होने वालों के साथ जान गंवाने वालों की संख्या भी बढ़ती जा रही है।

## युवक के हत्यारों की गिरफ्तारी नहीं होने पर नाराज ग्रामीणों का फूटा गुस्सा

**सबौर (भागलपुर) (नि.सं.)।** भागलपुर सबौर थाना क्षेत्र के कुरपट गांव के एक युवक विष्णु कुमार की 5 जून को हत्या हो गई थी, इस हत्या में मृतक के परिजन ने विष्णु की प्रेमिका के भाई पर हत्या का आरोप लगाया है, मृतक विष्णु के हत्या होने के 2 सप्ताह बीत जाने के बाद भी अपराधियों को पुलिस पकड़ नहीं पाई है इसको लेकर गांव वालों ने सब और थाने को घेरा और जल्द से जल्द विष्णु के हत्यारे को पकड़ने की बात कही। वहीं ग्रामीणों ने पुलिस के कार्रवाई नहीं करने के उपरांत आज सबौर थाना में जमकर हल्ला बोल प्रदर्शन किया और थाने का घेराव भी किया वहीं सबौर थानाध्यक्ष प्ले जल्द अपराधियों को पकड़ने की सांत्वना दी तब जाकर मामला शांत हुआ गौरतलब हो कि 5 जून को सबौर थाना अंतर्गत कुरपट गांव का रहने वाला गणेश पंडित का बेटा विष्णु कुमार की कुछ अपराधियों ने निर्मम हत्या कर

## मोतिहारी डीएओ के खिलाफ कब होगी जांच पूरी एजी ने भी कृषि विभाग के पास भेजा शिकायती पत्र

**निज संवाददाता**

**पटना।** बिहार में सरकारी सेवकों के खिलाफ जांच की रफ्तार को रोका जाता है या फिर धीरे कर दिया जाता है। इसका सीधा लाभ वैसे अधिकारी उठाते हैं, जिनके खिलाफ आरोप होते हैं। समय पर जांच नहीं होने की वजह से आरोपियों को दंड नहीं मिल पाता। मोतिहारी में पदस्थापित जिला कृषि पदाधिकारी चंद्रदेव प्रसाद के खिलाफ अवैध संपत्ति अर्जित करने के आरोप संबंधित शिकायत मुख्यमंत्री से लेकर कृषि विभाग और निगरानी विभाग तक दी गई। चूंकि जिस अफसर पर आरोप है वे अगस्त माह में ही रिटायर होने वाले हैं। लिहाजा शिकायत महा लेखाकार से भी की गई। महा लेखाकार ने भी आरोप संबंधी शिकायत कृषि विभाग को भेज दिया और जांच करने को कहा है। इधर, कृषि विभाग की जांच की रफ्तार इतनी धीमी है कि शिकायतकर्ता को न्याय मिलने की उम्मीद ही नहीं दिख रही। हालांकि डीएओ तमाम आरोपों को सिरे से खारिज करते रहे हैं। बिहार महा लेखाकार ने मोतिहारी के जिला कृषि पदाधिकारी चंद्रदेव प्रसाद के खिलाफ आरोप संबंधी पत्र मिलने के बाद जांच के लिए कृषि विभाग को भेज दिया है। एजी के वरीय लेखा पदाधिकारी ने अप्रैल 2023 में कृषि विभाग को दिए पत्र में कहा है कि मोतिहारी डीईओ के खिलाफ लगे आरोपों की जांच पूर्ण होने तक पेंशन व अंतिम दावे पर रोक की मांग की गई है। इस संबंध में विभाग को जांच कर निर्णय लेना है। विभाग के द्वारा निर्णय लिए जाने के बाद ही प्रधान महालेखाकार के स्तर से आगे की कार्रवाई हो सकती है। महालेखाकार ने आरोप संबंधी पत्र को कृषि विभाग को भेजते हुए स्पष्ट किया है कि भविष्य में अगर इस पत्र पर हमारे यहां से कोई कार्य किया जाना हो तो तत्काल इसकी सूचना दें। बता दें, कर्मचारी महासंघ गोप गुट के राज्य संरक्षक भाग्य नारायण चौधरी ने मोतिहारी डीएओ की शिकायत निगरानी विभाग से लेकर कृषि विभाग तक की। सभी जगह से आवेदक से शपथ पत्र की मांग की गई। आवेदक ने शपथ पत्र भी दिया लेकिन न तो निगरानी ने और न ही विभाग ने अब तक जांच पूरी की है। इधर, कृषि पदाधिकारी 31 अगस्त को रिटायर भी हो जायेंगे। बताया जाता है कि जांच को दबा दिया गया है। एक बार फिर से आवेदक कर्मचारी महासंघ गोप गुट के राज्य संरक्षक भाग्य नारायण चौधरी ने डीएम से लेकर वरीय अधिकारियों को पत्र भेजा है। हालांकि मोतिहारी डीएओ ने तमाम आरोपों को गलत करार दिया है। संयुक्त कृषि निदेशक को भेजे पत्र में आवेदक ने कहा है कि मैंने आरोप के संबंध में शपथ-पत्र व संपुष्टि पत्र भेजा।

## मजदूरी मांगने पर पूर्व पार्षद ने की लोगों पर फायरिंग

**नालंदा (नि.सं.)।** बिहार थाना इलाके के गढ़पर मोहल्ले में मजदूरी मांगने पर बदमाशों द्वारा फायरिंग और मारपीट किया गया । जिससे 2 बच्चे को गोली लग गईं। जबकि मारपीट में दो महिला जख्मी हो गई। पीड़ित फायरिंग और मारपीट का आरोप पूर्व वार्ड पार्षद दिवाकर सिंह और उसके गुर्गे पर लगा रहे हैं। गोलीबारी की घटना में आरबी कुमार और सत्यम कुमार को गोली लग गई जबकि मारपीट में जानकी देवी और सुनैना देवी गंभीर रूप से जख्मी है। पीड़ित संतोष कुमार ने बताया कि वह पूर्व वार्ड कमिश्नर के घर पर रहकर मवेशियों को चारा पानी देने का काम करता था । कई महीने बीत जाने के बाद जब मजदूरी नहीं मिला तो वह काम छोड़ दिया। सोमवार की सुबह वह मजदूरी मांगने गया तो पूर्व वार्ड पार्षद और उसके गुर्गे ने उसके घर पर चढ़कर ताला जड़ कर गोलीबारी करने लगा।

## डीएम से नल-जल योजना की शिकायत दबंग मुखिया को नहीं आयी पसंद, बेरहमी से पिटाई

**निज संवाददाता**

**दरभंगा।** जिले के हायाघाट प्रखंड में मिर्ज़ापुर पंचायत के मुखिया राज कुमार चौधरी की दबंगई देखने को मिली है। दबंग मुखिया एक बुजुर्ग की बड़ी बेरहमी से पिटाई सिर्फ इस लिए कर दी की बुजुर्ग ने जिलाधिकारी के समक्ष नल जल योजना की शिकायत कर दी। जैसे ही जिलाधिकारी योजना का निरीक्षण कर लौटे। वैसे ही मुखिया राज कुमार चौधरी अपने समर्थक के साथ बेरहमी से पिटाई कर दी। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वहीं पीड़ित सुरेंद्र चौधरी ने बताया कि जिलाधिकारी राजीव रौशन बुधवारी जांच के दौरान हमारे पंचायत में निरीक्षण करने आए थे। उसी क्रम में जिलाधिकारी बसहा गांव की जनता से वहां की समस्या को सुना। उसी क्रम में उन्होंने मुझसे



भी बात की तो मैंने जल नल योजना के संबंध में बताया कि मेरे घर में जल नल का कनेक्शन नहीं है। जिसके कारण हमें काफी दिक्कत होती है और पानी दूसरे जगहों से लाना पड़ता है। जिसपे जिलाधिकारी ने कहा कि ठीक है मैं मैडम से कहता हूं वह आपके घर पर पानी उपलब्ध करा देगी। वहां से जिलाधिकारी पंचायत भवन चले गए। जहां उनका स्वागत किया गया तथा उन्होंने वहां पर मौजूद जनता के साथ उन्होंने संवाद किया। जिसके बाद वे वापस लौट गए। उनके जाने के बाद हमारे पंचायत के मुखिया राजकुमार चौधरी व उनके समर्थकों ने मुझे गाली गलौज देते हुए हमारे साथ मारपीट करने लगे। वहीं उन्होंने कहा कि इस बात की शिकायत हमने ऑनलाइन दरभंगा के जिलाधिकारी से की है।

## गर्मी से थोड़ी राहत, लेकिन लू से जान गंवाने वालों की बढ़ी तादाद

**निज संवाददाता**

**पटना।** पटना समेत प्रदेश के कई जिलों में बीते 18 दिनों के बाद मौसम का मिजाज बदला है। रविवार को पटना व इसके आसपास इलाकों में बादल छाए रहने के साथ हल्की वर्षा ने लोगों को भीषण गर्मी व लू से राहत तो दी है, लेकिन अलग-अलग जिलों में लू लगने से नौ और लोगों की मौत हो गई है रविवार दोपहर पौने एक बजे के करीब पटना के विभिन्न इलाकों में तेज हवा के साथ वर्षा से मौसम सुहाना बना रहा। इससे पटना समेत 24 शहरों के अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई। पटना के अधिकतम तापमान में 2।2 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आने के साथ 42।5 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया, जबकि 45।3 डिग्री सेल्सियस के साथ भोजपुर प्रदेश का सबसे गर्म शहर रहा। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, भीषण गर्मी के बीच पुरवा का प्रभाव होने से वातावरण में नमी का संचार हो रहा



है। इसके प्रभाव से बादल बनने लगे हैं। इन मौसमी प्रभावों को देखते हुए सोमवार को 27 जिलों में मेघ गर्जन की चेतावनी जारी की गयी है। किशनगंज में भारी वर्षा की संभावना है, जबकि बक्सर, कैमूर, रोहतास में लू का प्रभाव दिखेगा। सोमवार से मानसून की सुस्ती में तेजी आएगी। अगले दो से तीन दिनों के दौरान प्रदेश के अन्य हिस्सों में तेजी से प्रसार होने की स्थिति बन रही है।हालांकि, प्रदेश के दक्षिण-पश्चिम भागों में गर्मी का प्रभाव बना रहेगा। मौसम में बदलाव के कारण प्रदेश के अधिकतम तापमान में चार से पांच डिग्री गिरावट की संभावना है। वर्षा की गतिविधियां प्रदेश में मंगलवार से बढ़ेगी। वहीं, 20 जून को गया, पटना आदि शहरों में आंधी- पानी की संभावना है। उधर रविवार को पटना समेत 15 शहरों में भीषण लू का प्रभाव बना रहा। वहीं, किशनगंज जिले के अलग- अलग स्थानों पर वर्षा दर्ज की गई। दिन में लू के थपेड़ों से बीमार होने वालों के साथ जान गंवाने वालों की संख्या भी बढ़ती जा रही है। नवादा, जहानाबाद, औरंगाबाद, बक्सर और पटना जिला में रविवार को नौ और लोगों ने दम तोड़ दिया।

## लू लगने से थाने में पदस्थापित दारोगा की हुई मौत

**सीवान (नि.सं.)।** सीवान से बड़ी खबर है जहा जिले के हुसैनगंज थाना में पदस्थापित पीटीसी दरोगा कलामुद्दीन खान को लू लगने से मौत हो जाने की खबर सामने आई है। खबर के अनुसार बताया जाता है कि बीती रात कलामुद्दीन खान की अचानक तबीयत खराब हुई जिसके बाद थाने के सहयोगियों द्वारा स्थानीय अस्पताल में लेकर भेजा गया। जिसके बाद डॉक्टरों ने सीवान सदर रेफर कर दिया। सीवान सदर अस्पताल आने के दौरान मौत हो गई। सभी की आंखे नम रह गई। बताया जाता है कि कलामुद्दीन खान रोहतास जिले के निवासी है। वही अचानक मौत होने के बाद पुलिस ने मिर्तक कलामुद्दीन खान के घर सूचना दी। जिसके बाद घर में कोहराम मच गया। हालांकि मौत लू लगने से हुई है या फिर और किसी कारण से इसकी पुष्टि अधिकारियों के तरफ से नही हुई है शव की पोस्टमार्टम के बाद ही पता चल पायेगा की मौत कैसे हुई हैं। सूचना के अनुसार परिजनों के आने के बाद सीवान के पुलिस लाइन में गार्ड ऑफ सलामी दिया जायेगा जिसके बाद शव को परिजनों के हवाले शॉप दिया जायेगा।

## बृजभूषण का समर्थन करता था गोंडा का युवक

**निज संवाददाता**

**आरा।** लगभग दो माह से चल रहे सांसद बृजभूषण और महिला पहलवानों के बीच चल रही लड़ाई का असर अब दूसरे राज्यों में पड़ने लगा है। बिहार के भोजपुर जिले में पटना-आरा नेशनल हाईवे पर कुल्हड़िया टोल प्लाजा पर कार्यरत एक कर्मी की उसके ही साथियों ने सिर्फ इसलिए पीटकर हत्या कर दी, क्योंकि वह सांसद बृजभूषण सिंह का समर्थन करता था। बताया गया कि मृतक उसी गोंडा जिले का रहनेवाला था, जहां से बृजभूषण सांसद हैं। पिटाई की यह घटना शुक्रवार की बताई गई है। घायल बलवंत की रविवार को गोंडा जिले में मौत के बाद इस कांड का खुलासा हुआ। अधिकांश आरोपियों के हरियाणा निवासी होने की चर्चा है। सभी आरोपी टोल प्लाजा और किराए के मकान से फरार हो गये हैं। पूरी घटना का एक वीडियो सामने आया है। शुक्रवार को बलवंत पर कलेक्शन के दौरान 50-100 रुपये



चोरी का आरोप लगाकर टॉल प्लाजा एजेंसी रनछोड़ कम्पनी लिमिटेड के अधिकारियों ने कोईलवर के एक निजी होटल में उसकी जमकर पिटाई किये। वायरल वीडियो में पिटाई करने वाले बार-बार पैसे चोरी करने, गैंग में कौन-कौन शामिल का आरोप लगाते हुए लात-मुक्के, डंडे, केहुनी से छह-सात लोग पिटाई कर रहे है। पिटाई करने वालों में कम्पनी का जीएम, मैनेजर, सुपरवाइजर और अन्य लोग दिख रहे हैं। पिटाई के बाद इलाज भी नहीं, छपरा से गोंडा जाने वाली ट्रेन में बैठाया पिटाई के बाद जख्मी बलवंत सिंह को बिना इलाज के कम्पनी से हटा दिया गया। जिसके बाद गम्भीर अवस्था में गोंडा जाने वाली ट्रेन में बैठा दिया गया। जिसके यूपी के गोंडा के मनकापुर रेलवे स्टेशन पर ट्रेन में अचेत अवस्था में पड़े होने परआरपीएफ के जवानों की नजर पड़ी। जिसे इलाज के लिए ले गये। स्थिति गम्भीर देख गोंडा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। इलाज के दौरान बलवंत की मौत हो गई। इस कांड के दूसरे कारण कहा जा रहा है कि बलवंत गोंडा जिले का निवासी था; जहां के सांसद बृजभूषण सिंह हैं। बृजभूषण का हरियाणा के पहलवानों के साथ विवाद आजकल सुर्खियों पर है। जिसकी चर्चा बलवंत और हरियाणा के कर्मियों के बीच होती थी। गोंडा जिले के होने के कारण बलवंत से हरियाणा के बाउंसर और कर्मी खार खाए हुए थे। मृतक के भतीजा प्रदीप के अनुसार टॉल प्लाजा के मैनेजर व बाउंसर के साथ उनके चाचा बलवंत की बात सांसद बृज भूषण शरण सिंह के समर्थन में हो रही थी। टॉल प्लाजा के प्रबंधक व बाउंसर हरियाणा की रेसलर्स की समर्थन की बात कर रहे थे।

## ट्रेन में सफर के दौरान ले बिहार के दही-चूड़ा और मनेर के लड्डू का स्वाद

**निज संवाददाता**

**पटना।** भारतीय रेलवे में खाने को लेकर अक्सर यात्रियों की शिकायतें रहती है। जिसके बाद अब इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन ने लंबी दूरी की ट्रेनों में स्थानीय खाना और नाश्ता यात्रियों को परोसने का निर्णय लिया है। जिस स्टेशन से ट्रेन रवाना होगी, वहां का स्थानीय खाना मेन्यू में शामिल रहेगा। यात्रियों को मोटे अनाज से बने लजीज व्यंजन भी परोसने की तैयारी की जा रही है। पटना के राजेंद्र नगर-नई दिल्ली जाने वाली तेजस एक्सप्रेस में इसका ट्रायल किया जा रहा है। आईआरसीटीसी




के एक अधिकारी ने बताया कि दरभंगा से खुलने वाली स्वतंत्रता सेनानी, बिहार संपर्क क्रांति, पवन एक्सप्रेस सहित लंबी दूरी की कई एक्सप्रेस और मेल ट्रेनों में मिथिला का प्रसिद्ध भोजन दही-चूड़ा, मखाने की खीर सहित मखाने से तैयार अन्य व्यंजन और मछली चावल परोसा जाएगा। रेलवे ने तय किया है कि सभी ट्रेनों में यात्रियों के खाने के मेन्यू में दही-चूड़ा, लिट्टी-चोखा, मखाना खीर सहित मनेर का लड्डू भी मिलेगा। मखाने की खीर में शूगर फ्री का भी विकल्प यात्रियों को दिया जाएगा। पूर्व मध्य रेलवे के अधिकारी के मुताबिक ट्रेन में ये चीजें यात्रियों को नाश्ते में दी जाएंगी। इसके बाद लंच और डिनर में मोटा अनाज बाजरा, कोदो, ज्वर, कोदो देसी पुलाव, कुटरी खीर, ज्वार खिचड़ी शामिल रहेगी। ट्रेन में दही-चूड़ा को मेन्यू में ऐड करने की तैयारी चल रही है। ट्रेनों में दही -चूड़ा कैसे परोसा जाएगा, इसकी तैयारी चल रही रही है। वहीं मखाना से तैयार व्यंजन को ऐड किया जाएगा।

## भारत में मोस्ट वांटेड आतंकी की कनाडा में हुई हत्या

**पटना (नि.सं.)।** कनाडा से लारेंस बिश्नोई गैंग सहित दूसरे खलिस्तानी आंतकियों को हथियार सहित दूसरी सुविधाएं मुहैया करानेवाले खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की गोली मारकर हत्या कर दी दी गई है। हरदीप को भारत सरकार ने डेजिग्नेटेड आतंकी घोषित किया था। हाल ही में भारत सरकार ने 41 आतंकियों की लिस्ट जारी की थी, उसमें हरदीप निज्जर कानाम शामिल था। ऐसे में उसकी हत्या की खबर के बाद पुलिस ने राहत की सांस ली है। हालांकि उसकी हत्या किसने की, यह अभी पता नहीं चल सका है। फिलहाल भारतीय जांच एजेंसियां कनाडा की जांच एजेंसियों से इस वारदात के बारे में जानकारी जुटा रही है। जानकारी के मुताबिक, हरदीप निज्जर को कनाडा के में गोली मारी गई, जिसके बाद उसकी मौत हुई है। वह कनाडा के सिख संगठन सिख फॉर जस्टिस से जुड़ा हुआ था। वह पंजाब के जालंधर जिले का रहने वाला था।

## आम चुनाव को लेकर आयोग ने कसी कमर तैयारियों को लेकर आज से शुरू होगा प्रशिक्षण

**निज संवाददाता**

**पटना।** देश में अगले साल होने वाले आम चुनाव को लेकर जहां सभी राजनीतिक पार्टियां अपनी रणनीति और गठबंधन को मजबूत करने में लगे हैं। वहीं अब आम चुनाव की तैयारियां भारत निर्वाचन आयोग ने तेज कर दी है। इसी क्रम में सोमवार को आयोग की ओर से चुनाव प्रक्रिया से जुड़े अधिकारियों को राज्यस्तरीय पांच दिवसीय प्रशिक्षण के लिए पटना बुलाया गया है। 19 से 23 जून तक राजधानी पटना के जगजीवन राम संसदीय अध्ययन एवं राजनीतिक शोध संस्थान में प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके तहत मुख्य निर्वाचन अधिकारी एचआर श्रीनिवास सभी जिलों के सहायक निर्वाची अधिकारी, अवर निर्वाची अधिकारी, उप-निर्वाचन अधिकारी और उप-मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को प्रशिक्षण देंगे। इसके अलावा दिल्ली से प्रशिक्षण लेकर आए निर्वाचन विभाग के पांच अन्य अधिकारी भी बतौर मास्टर ट्रेनर विभागीय अधिकारियों को प्रशिक्षण देंगे पहले चरण में पांच दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण के लिए सभी 38 जिलों में तैनात सौ से अधिक अधिकारियों को पटना बुलाया गया है। इस दौरान मतदाता सूची की तैयारी से लेकर ईवीएम और अन्य विभिन्न प्रक्रिया संबंधित प्रशिक्षण देने की तैयारी की गयी है। बता दें राजनीतिक गलियारों में इस बात की भी चर्चा है कि चुनाव समय से पहले भी कराए जा सकते हैं।

पूर्व रेलवे
[illegible] 16.06.2023 [illegible] 713301 [illegible] www.ireps.gov.in [illegible] www.ireps.gov.in [illegible]
(DOM-31/2023-24)
[illegible] www.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in [illegible]
हमें यहां देखें:- @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

## एक नजर

### चोरी की बाइक के साथ दो अपराधी गिरफ्तार

**गया** । शहर के रामपुर थाना की पुलिस ने रविवार को चोरी की बाइक के साथ दो अपराधी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों के पास से अवैध विदेशी शराब भी बरामद की गई है। इस संबंध में रामपुर थानाध्यक्ष रवि कुमार ने बताया कि वाहन चेकिंग के दौरान सिकड़िया मोड़ के समीप से गुरुआ थाना क्षेत्र से चोरी गई स्पेलेंडर बाइक के साथ दो लोगों को पकड़े गए है। तलाशी के दौरान बाइक में रखी पांच लीटर विदेशी शराब भी बरामद की गई है। गिरफ्तार अपराधियों की पहचान बोधगया थाना के मेघन बिगहा के रहने वाले कारु यादव के पुत्र रोहित कुमार और विदल यादव के पुत्र राकेश कुमार के रूप में की गई। दोनों अपराधियों से पूछताछ की जा रही है। ताकि बाइक चोर गिरोह के अन्य सदस्यों को पकड़ा जा सकें।

### दूसरे की भूमि बिक्री का झांसा दे 32 लाख की ठगी

**बिहारशरीफ।** लहेरी थाना पुलिस रविवार को 32 लाख ठगी के आरोपित को गिरफ्तार कर ली। पकड़ा गया आरोपी बसवन बिगहा निवासी नीतीश कुमार है। पटेल नगर निवासी हरिहर प्रसाद सिंह ने केस दर्ज कराया था। शातिर ने फर्जी कागजात दिखा दूसरे की भूमि बिक्री का झांसा दे 32 लाख की ठगी की थी। सदर डीएसपी डॉ. मो. शिब्ली नोमानी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी गिरोह का सरगना है। गिरोह फर्जी कागजात बनाकर दूसरे की भूमि बिक्री का झांसा दे लोगों से ठगी करता है। बदमाश पर पूर्व से कई केस दर्ज है।

### कपराहा पंचायतः पत्नी का हत्यारोपी गिरफ्तार

**गम्हरिया।** गम्हरिया थाना क्षेत्र के औराही के कपराहा पंचायत के सूर्यगंज बजार स्थित वार्ड 16 में शनिवार को सनकी पति ने अपनी पत्नी को बेंच में बांधकर पीट-पीटकर निर्मम हत्या कर दी थी। इस मामले में पुलिस ने आरोपी पति बेचन शर्मा को गिरफ्तार कर लिया। इस हत्या को लेकर मृतका प्रमीला देवी के भाई शिबू शर्मा ने थाना में लिखित आवेदन देकर जीजा बेचन शर्मा को आरोपी बनाते हुए कहा कि भांजी छोटी कुमारी के द्वारा घटना की सूचना मिली। जिसके बाद मौके पर पहुंचा तो देखा कि मेरी बहन मृतका प्रमीला देवी को बेंच पर रस्सी से बांधकर मुंह में कपड़ा ठूंस कर रॉड से पेट, पीठ व पैर पिटाई कर दिया। प्रभारी थानाध्यक्ष सतीश कुमार ने बताया कि मृतका के भाई शिबू शर्मा ने आवेदन देकर अपने जीजाजी बेचन शर्मा को आरोपी बनाया है। केस दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया गया।

### जू सफारी की टाइमिंग में बदलावःदोपहर में पर्यटकों को नहीं मिलेगी एंट्री

**नालंदा** । जिले में चल रहे हीटवेव का असर अब राजगीर के जू सफारी पर भी पड़ रहा है। भीषण गर्मी और लू को देखते हुए जू सफारी विजिट के समय में बदलाव किया गया है। अब दोपहर 12:00 बजे से लेकर 3:00 बजे तक पर्यटकों के लिए जू सफारी बंद रखा गया है। जिले में लगातार तापमान में वृद्धि देखी जा रही है। इसका असर राजगीर जू सफारी में भी पड़ रहा है। ऐसे में जू सफारी के अंदर ऐसी वाली गाड़ी से चलना मुश्किल हो गया है। वाहन में भी एसी ठीक से काम नहीं कर रहा है और लोग परेशान हो रहे हैं। भीषण गर्मी के कारण जू सफारी के अंदर रह रहे शेर,बाघ,तेंदुआ,भालू गर्मी से बचने के लिए अंदर बने बाड़े का सहारा ले रहे हैं। उन्हें देखने के लिए पहुंचने वाले पर्यटकों को जानवर नहीं दिख रहे हैं। ऐसे में सफारी घूमने वाले पर्यटकों को निराशा हाथ लग रही है। इन्हीं सब बातों को ध्यान में रखते हुए जू सफारी के टाइमिंग में बदलाव किया गया है। रेंजर राकेश कुमार ने बताया कि जैसे ही मौसम में बदलाव होगा फिर से समय में बदलाव किया जाएगा।

### नालंदा में लू से 2 लोगों की मौतःअलग-अलग थाना क्षेत्रों में दो लोगों की हुई मौत

**नालंदा।** नालंदा में भीषण गर्मी के बीच लू का कहर जारी है। जिले में दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों से अज्ञात शवों को लेकर पुलिस सदर अस्पताल पहुंची। इन दिनों की लू से मौत की आशंका जताई जा रही है। घटना रविवार की है। छबीलापुर पुलिस ने थाना क्षेत्र के करमु विगहा मार्ग के हलीमचक गांव के पास से अचेत अवस्था में एक बुजुर्ग को बरामद किया। इसके बाद इलाज के लिए राजगीर अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां जांच के बाद डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं एकंगरसराय पुलिस ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के पास से एक अधेड़ को अचेत अवस्था में बरामद करते हुए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसे भी जांच के बाद डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। आशंका व्यक्त की जा रही है कि दोनों की मौत लू लगने के कारण हुई है। वहीं छबिलापुर और एकंगरसराय थाना के थानाध्यक्ष ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम कराकर सदर अस्पताल के मोर्चरी में रखा गया है।

### नालंदा में जमीनी विवाद में दो पक्षों के बीच झड़पःमौके पर पहुंची पुलिस को खदेड़ा

**नालंदा।** बिहारशरीफ के लहेरी थाना क्षेत्र के बैंक कॉलोनी में रविवार की रात भूमि विवाद में दो पक्षों में भिड़ंत हो गई। घटना की सूचना पाकर 112 आपत सेवा वाहन की पुलिस मौके पर पहुंच गई, जिसपर उपद्रवियों ने रोड़ेबाजी कर उन्हें खदेड़ दिया। घटना में सिंटू यादव जख्मी हो गया, जिसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। **क्या कहते हैं थानाध्यक्षः** जख्मी के परिवार ने बताया कि 2 डिसमिल भूमि के विवाद पड़ोसी से चल रहा था। बाइक सवार युवक रात में घर लौट रहा था। उसी दौरान घात लगाए बदमाशों ने धारदार हथियार से हमला कर उसे जख्मी कर दिया। बाइक भी क्षतिग्रस्त कर दी गई। घटना की सूचना पाकर 112 आपात सेवा वाहन की पुलिस मौके पर पहुंची तो बदमाशों ने उन पर रोड़ेबाजी करते हुए उन्हें खदेड़ दिया। वहीं, स्थानीय लोगों की मानें तो दोनों पक्षों ने रोड़ेबाजी की।लहेरी थानाध्यक्ष दीपक कुमार ने बताया कि सूचना के बाद पुलिस घटना की जांच में जुट गई है। भूमि विवाद में रोड़ेबाजी हुई है।

### बीज उत्पादन : 50 हेक्टेयर में तैयार होगा चना और सरसों का बीज



**बिहारशरीफ** । नालंदा को बीज उत्पादन का हब बनाने की तैयारी है। आलू के बाद अब दलहनी व तेलहनी फसलों के लिए भी बीज की खेती पर जोर दिया जा रहा है। इसके लिए योजना तैयार कर ली गई है। चतुर्थ कृषि रोड मैप में बीज उत्पादन के लिए किसानों को प्रोत्साहित करने की योजना तैयार किया जा रही है ताकि तेलहनी व दलहनी फसलों के बीज की कमी को दूर करने के साथ-साथ खेती को भी बढ़ावा मिल सके। बीज की कमी को दूर करने एवं बीज की खेती के प्रति किसानों को बढ़ावा देने के लिए सीड हब योजना की शुरूआत की गई है। इस योजना के लिए नालंदा का भी चयन किया गया है। इसके लिए विभागीय तैयारी की जा रही है। डीएओ संजय कुमार ने बताया कि एक समय था जब किसान खुद बीज तैयार करते थे और उसी को दूसरे साल लगाते थे। लेकिन वर्तमान में बीज के लिए बाजार पर निर्भरता बढ़ गई है। इस समस्या से निजात दिलाने के लिए सरकार द्वारा योजना तैयार की गई है। इस योजना के तहत शुरूआती दौर में तेलहनी व दलहनी फसलों के लिए विभागीय स्तर पर बीज उत्पादन तो किया जाएगा ही, किसान भी अपने स्तर से बीज की खेती कर बीआरबीएन को दे सकते हैं। इससे किसानों को लाभ भी होगा।

## गया के लोगों ने जाति और धर्म का भेद मिटाकर की मिसाल कायम : श्रीवास्तव



**गया।** शहर के बिसार तालाब स्थित एक निजी होटल में अखिल भारतीय कायस्थ महासभा गया जिला इकाई के बैनर तले शनिवार की पूर्व डिप्टी मेयर सह वर्तमान वार्ड 26 के नवनिर्वाचित पार्षद डॉ. अखौरी ओंकारनाथ उर्फ मोहन श्रीवास्तव का अभिनन्दन किया गया। उन्हें सम्मानित करते हुए युवा नेता कुमार गौरव उर्फ गौरव सिन्हा ने कहा कि डिप्टी मेयर रहकर मोहन जी ने समाज के लिए बहुत काम किया है साथ ही इन्होंने गया नगर निगम में विकास पुरूष के रुप में खुद को स्थापित किया। मोहन श्रीवास्तव ने गया के मेयर और डिप्टी मेयर को अपने बूते जीत दिलाकर जाति धर्म ऊंच नीच के सारे भेद को मिटाकर कायस्थ समुदाय की ईमानदार कोशिश को सम्मान दिलाया है। उन्होंने कहा कि यह मोहन श्रीवास्तव की जीत नहीं समाज की जीत है। इनकी जीत से गया गौरवान्वित हुआ है। इस उप चुनाव में हिंदू-मुस्लिम एकता की मिसाल देखने को मिली।वार्ड संख्या 26 से मुस्लिम समुदाय से आने वाले इबरार अहमद उर्फ भोला मियां ने जीत हासिल करने के बाद भी अपने हिंदू दोस्त मोहन श्रीवास्तव के लिए सीट छोड़कर उन्हें जीत दिलाकर आपसी मिल्लत की मिसाल पेश कर दिया है। सम्मान समारोह में मोहन श्रीवास्तव ने कहा कि यह जीत हमारी नहीं बल्कि समाज के हर व्यक्ति की जीत है। हमारा शुरू से मकसद रहा है कि कायस्थ समाज का उत्थान हो मगर अन्य जाति धर्म, ऊंच नीच का भेद भी मिटे। हर व्यक्ति समाज के लिए उतना ही महत्व रखता है जितना एक जनप्रतिनिधि। इस दौरान विकास दफ़्तुआर ने कहा कि लोकतंत्र में सबकी सहभागिता बराबर का महत्व रखती है। इसको पूरी तरह साबित कर दिखाया है ओंकार नाथ उर्फ मोहन श्रीवास्तव ने। जहां लोग जाति धर्म, ऊंच नीच के भेद में उलझे हुए हैं, वहीं मोहन ने मेयर और डिप्टी मेयर में समाज के आखिरी पायदान पर खड़े महिला और पुरुष को जीत दिलाकर कायस्थ समाज का मान बढ़ाया है। यह बिरादरी हमेशा से सबका साथ सबका विकास चाहती है और इसको पूरी तरह से प्रमाणित भी कर दिखाया है।

**अभिनंदन समारोह में इनकी रही उपस्थिति :** अभिनन्दन समारोह में विपिन सिन्हा महामंत्री, मुकेश वर्मा कोषाध्यक्ष, सुनील सिन्हा उपाध्यक्ष, कुमार गौरव महानगर अध्यक्ष, विकास दफ़्तुआर, उदय श्रीवास्तव, अरविंद वर्मा, डॉ. चौधरी लक्ष्मी नारायण, रीता वर्मा, इंदु सहाय, संजू श्रीवास्तव, राजीव सिन्हा महानगर महामंत्री, अमित श्रीवास्तव युवा महामंत्री, कुमार गौरव युवा महानगर अध्यक्ष, राजेश सहाय युवा महानगर महामंत्री, राजेश कुमार सिन्हा, झुन्नू सिन्हा उपस्थित थे।

## 'राजनीतिक बंधुआ मजदूर की तलाश कर रहे हैं नीतीश' :HAM नेता ने कहा:मुखबिरी का सबूत पेश करें सीएम



**गया।** पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी पर सीएम नीतीश कुमार की तरफ से मुखबिरी का आरोप लगाए जाने बयानबाजी से हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा के वरीय पदाधिकारी बौखलाया हुए हैं। हम नेता नंदलाल मांझी और कार्यकताओं का कहना है कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गरीबों, दलितों, महादलित के सबसे लोकप्रिय नेता जीतन राम मांझी के ऊपर जो मुखबिरी और जासूसी का आरोप लगाए गए हैं उसका सबूत पेश करें, नहीं तो पूरे बिहार सहित भारत के दलित ,महादलित उन्हें माफ नहीं करेंगे। कार्यकर्ताओं का यह भी कहना है कि समाज के एक बरगद का पेड़ काटकर 10 खजूर का पेड़ लगाने से समाज का भला नहीं होगा। समाज का नेता वही हो सकता है जो गरीबों की आवाज को बुलंद कर सके, सामंतवादी ताकतों के खिलाफ आंखों में आंखें डाल कर बात कर सके। पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता नन्दलाल मांझी का कहना है कि सीएम नीतीश कुमार को वैसे व्यक्ति की तलाश है जो उनकी बंधुआ मजदूरी कर सके। सामंतवादी विचारधारा के पोषक राजनीतिक दल आज मुसहर भुइयां में वैसे लोगों की तलाश कर रहे हैं जो उनके पीछे चल सके ,उनके झंडा उठा सके ,उनका झोला उठा सके। लेकिन यही मुसहर भुइयां समाज का नेता अगर नीतीश कुमार की बराबरी में चलने का प्रयास, राजनीतिक हिस्सेदारी की बात करेंगे, तो उनको मुखबिर घोषित कर दिया जाएगा। उनको एजेंट घोषित कर दिया जाएगा ,उनको घर का भेदिया घोषित किया और उनका चरित्र हनन किया जाएगा । जीतन राम मांझी के महागठबंधन से हटने से जो मुसहर समाज नीतीश के खिलाफ हुआ है।

## भगवान श्री जगन्नाथ के नव कलेवर के दर्शन कर धन्य हुए श्रद्धालु

**बोधगया।** 20 जून को रथयात्रा है। गया में जारी हीट वेब और लू के कारण डीएम डॉ त्यागराजन एसएम द्वारा निर्देश जारी किया गया है कि रथ यात्रा संध्या 6 बजे के बाद निकाली जाए। संभावना है कि संध्या छह बजे से रथ यात्रा की शुरुआत होगी, जिसमें आसपास के गांवों के श्रद्धालुओं के हिस्सा लेंगे। इससे पूर्व 15 दिनों के स्वास्थ्य लाभ विश्राम के बाद रविवार को बोधगया के प्राचीन श्री जगन्नाथ मंदिर का पट खुला और श्रद्धालुओं ने नव कलेवर का दर्शन किया। अहले सुबह से ही मंदिर के गर्भगृह की साफ सफाई के बाद भगवान श्री जगन्नाथ, भईया बलभद्र एवं बहन सुभद्रा की प्रतिमा को नए वस्त्र एवं आभूषणों से सजाया गया। उसके बाद परंपरा अनुसार वैदिक मंत्रोचारण के साथ पूजा अर्चना एवं आरती की गई। आरती के बाद आमजनों को दर्शन का अवसर मिला। भीषण गर्मी के कारण दोपहर में श्रद्धालुओं की संख्या कम रही, लेकिन संध्या होते ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। इधर शहनाई वादन का कार्यक्रम चल रहा था और स्वास्थ्य लाभ के बाद परंपरा अनुसार छप्पन भोग की तैयारी की गई थी। संध्या आरती के समय भगवान को छप्पन भोग लगाया गया। जय जगन्नाथ के नारे के साथ मंदिर परिसर गुंजायमान रहा। भजन कीर्तन के बाद श्रद्धालुओं के बीच छप्पन भोग प्रसाद वितरित किया गया, जिसमें हजारों लोगों की उपस्थिति रही। 20 जून को रथ यात्रा आयोजित होगी। उसके लिए तीनों रथों को रंग रोगन किया जा चुका है। मंदिर परिसर रंगीन बल्बों से सजाया गया है। प्रसाद वितरण के लिए मंदिर के पीछे हजारों लोगों के एक साथ प्रसाद ग्रहण का स्थान बनाया गया है। रथ पर भगवान को विराजमान करने से पूर्व पुष्प मालाओं से सजाया जाएगा।

## अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस है वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन



**गया।** रेल प्रशासन गया वासियों और आस-पास के लोगों के लिए वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की सौगात देने जा रही है। इसके लिए रेल प्रशासन ने रविवार को वंदे भारत एक्सप्रेस का दूसरी बार ट्रायल किया गया। ट्रायल ट्रेन के गया जंक्शन आने से पूर्व आरपीएफ और जीआरपी द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। सेमी हाई स्पीड वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रायल ट्रेन पटना जंक्शन से रांची रेलवे स्टेशन के बीच चलायी गई। रविवार को पटना जंक्शन से उक्त ट्रेन गया रेलवे स्टेशन पहुंची। वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रायल ट्रेन को देखने के लिए लोगों में काफी उत्साह दिखी। नकारी हो कि वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का परिचालन पटना जंक्शन से गया जंक्शन के रास्ते कोडरमा, हजारीबाग टाउन, बरकाकाना होते हुए रांची तक किया जाना है। ट्रेन का परिचालन शुरू किए जाने से पूर्व रविवार को दूसरी बार इसका ट्रायल रन किया गया। ट्रायल रन की तैयारी को लेकर गया व आसपास के संबंधित रेल सेक्शन पर रेल प्रशासन की चौकसी काफी बढ़ी हुई दिखी। इस दौरान सेमी हाई स्पीड वंदे भारत एक्सप्रेस का ट्रायल का पटना से गया के बीच सफल रहा। जानकारी हो कि उक्त ट्रेन 8 कोच की अत्याधुनिक सुविधा से लैस है। ट्रेन का नियमित परिचालन जून के अंतिम सप्ताह में शुरु होने की संभावना है। पटना जंक्शन से खुलकर वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रायल ट्रेन 8.12 बजे गया जंक्शन पहुंची तथा यहां से 8.35 बजे रांची के लिए की रवाना हो गई। यही ट्रेन नियमित मार्ग होते हुए रांची 13.00 बजे रांची पहुंचेगी। वापसी में रांची से पटना के लिए यह ट्रेन रांची से 4:15 बजे खुलकर 8:45 बजे गया जंक्शन पहुंचेगी और यहां से 8:55 बजे खुलकर 10:10 बजे पटना रेलवे स्टेशन पहुंचेगी। बताया गया कि वंदे भारत का यह ट्रायल रन नियमित परिचालन के पूर्व संरक्षा जांच आदि के लिए पूर्णतया परिचालनिक व प्रायोगिक उद्देश्य से किया जा रहा है।

## एसएसबी ने नक्सल क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को धार्मिक स्थलों का कराया परिभ्रमण



**फतेहपुर।** एसएसबी 32 वीं वाहिनी जी समवाय गुरपा के द्वारा शनिवार को नक्सल क्षेत्र के स्कूलों के छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को फतेहपुर प्रखंड के अतिप्राचीन, ऐतिहासिक व धार्मिक स्थल संडेश्वरनाथ धाम का परिभ्रमण कराया गया। छात्र-छात्राओं ने यहां की पौराणिकता व ऐतिहासिकता व के बारे जाना और उसका ज्ञानवर्धन किया। एसएसबी 32 वाहिनी के कमांडेंट ललित कुमार सिंह के निर्देशन आजादी के अमृत महोत्सव व सामाजिक चेतना अभियान कार्यक्रम के तहत धार्मिक स्थलों का परिभ्रमण कर छात्र-छात्राओं व शिक्षकों के चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी। एसएसबी 32 वाहिनी जी समवाय गुरपा के प्रभारी निरीक्षक मो. अशरफ आलम ने कहा कि इस सुदूर व नक्सल क्षेत्र के शिक्षकों व छात्र-छात्राओं को आध्यात्मिक, ऐतिहासिक एवं पौराणिक स्थलों का परिभ्रमण करा उनका मानसिक एवं बौद्धिक विकास करना है। इस तरह के परिभ्रमण से छात्र-छात्राओं का मानसिक एवं बौद्धिक विकास होता है। वे बीते हुए इतिहास के बारे में जानकारी प्राप्त करते हैं। उन्होंने ने बताया कि छात्र-छात्रा संडेश्वरनाथ धाम व बौद्धकालीन गुरूपदगिरि पहाड़ का परिभ्रमण कर वहां की पौराणिक एवं ऐतिहासिक विशेषताओं के बारे में जानकारी प्राप्त किया। परिभ्रमण में 50 कई संख्या छात्र-छात्रा शामिल हुए जिन्होंने एसएसबी के इस कार्य की काफी सराहना की।

## पूर्व वार्ड पार्षद ने मासूम को मारी गोलीःबच्चे के चाचा आरोपी के घर करते थे काम



**नालंदा** । नालंदा में सोमवार की सुबह पूर्व वार्ड पार्षद ने मामूली सी बात को लेकर 3 साल के बच्चे को गोली मार दी, वहीं मारपीट कर एक ही परिवार के तीन अन्य लोगों को भी गंभीर रूप से घायल कर दिया। मामला बिहार थाना क्षेत्र के गढ़पर देकुली घाट का है। गोली अनिल कुमार के बेटे आरभी कुमार(3) के बाएं पैर में लगी है। वहीं मारपीट में जानकी देवी,सुनैना देवी एवं अनिल कुमार जख्मी हो गए हैं। **क्या है मामलाः** अनिल कुमार के भाई संतोष राम गढ़पर स्थित पूर्व वार्ड पार्षद दिवाकर सिंह के यहां रहकर घर का काम करते थे। वह पिछले 2 दिनों से काम पर नहीं जा रहा थे। सोमवार को वह अपनी तनख्वाह मांगने दिवाकर सिंह के घर गया था। मालिक की तरफ से भुगतान कर देने की बात कही गई लेकिन जब संतोष राम ने कहा कि उसे पैसे नहीं मिले हैं। इसी बीच दोनों के बीच कहासुनी हो गई। तभी दिवाकर सिंह ने अपनी पिस्टल से गोली चला दी। फायरिंग में एक गोली संतोष राम के 3 साल के मासूम भतीजे को लग गई। दिवाकर सिंह के लोगों ने संतोष राम के परिजनों पर भी लाठी से वार किया। इसमें तीन लोग घायल हो गए हैं।सभी घायलों को आनन-फानन में बिहार शरीफ सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। **क्या कहती है पुलिस** :सदर डीएसपी डॉ शिवली नोमानी ने बताया कि पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है। हालांकि पुलिस का कहना है कि गोली नहीं बल्कि मारपीट में 4 लोग जख्मी हुए हैं। सभी घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## दूसरे की जमीन दिखा ठगे 47.75 लाख बात बिगड़ी तो थमा दिए फर्जी बाउंस चेक



**बोधगया** । दूसरे की जमीन दिखाकर सीधे साधे लोगों से पैसे ठगने का मामला बोधगया में आम बात हो गई है। जिसका शिकार हुए एक दंपती ने बोधगया थाने पहुंच कर मामला दर्ज करवाया है। जहां एक ठग ने दूसरे के जमीन को एक दंपती को दिखाकर उससे 47 लाख 75 हजार रुपए ठग लिया है। जब इस संबंध में दंपती जमीन के मालिक से भेंट करने जाता है तो जमीन मालिक ने उसे इस जमीन को बेचने के लिए किसी को अधिकार नहीं देने की बात कही जाती है। जिसके बाद मामला बढ़ता देख ठग ने उस दंपती को स्टेट बैंक का तीन चेक दिया। जिसमें दो चेक डालने के बाद पता चला कि बैंक के अकाउंट में कोई पैसा नहीं है। जिस कारण उन्हें कोई पैसा उस खाते से नहीं मिल सकता है। ठगों ने थाने में शिकायत नहीं करने की धमकी भी दी है। ठगों से फॉल्स चेक मिलने के बाद दंपती बोधगया थाने पहुंचे और दोनों ठगों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया। इस संबंध में ठगी के शिकार हुए सूर्यकांत कुमार ने बताया कि वह बेलागंज थाना क्षेत्र के रोहन बिगहा का रहने वाला हैं। मेरी पत्नी अर्चना कुमारी द्वारा एक जमीन खरीदने के सिलसिले में बोधगया थाना क्षेत्र के दोमुहान, कल्हौरा के रहने वाले जमीन कारोबारी रणधीर कुमार सिंह व मगध विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र के मटिहानी के रहने वाले नरेंद्र कुमार सिंह से भेंट की। दोनों कारोबारी 15 जुलाई 2021 को मेरे बोधगया में स्थित डेयरी फार्म पर आये और बताया कि मौजा मस्तीपुरा, थाना- बोधगया के अन्दर ही लगभग 2 कट्ठा जमीन मैने बबन सिंह से मनोबंधन कर लिया है। अगर खरीदना चाहते है तो जमीन देख ले। मैं एवं मेरी पत्नी जमीन देखा तो जमीन हमलोगों को पसंद आ गया। जमीन की कीमत ज्यादा रहने के कारण मेरी पत्नी ने अपनी बहन प्रभा कुमारी के साथ मिलकर रणधीर कुमार के साथ खाता संख्या- 53 प्लौट संख्या 68 एराजी 2430 वर्गफीट की कुल कीमत 20,00,000/- बीस लाख प्रति कट्ठा के हिसाब से 07 अगस्त 2021 को मनोबंधन विक्रय पत्र तैयार किया गया। जमीन पर चारदीवारी का रुपए भी दे दिये। जमीन की कुल कीमत के साथ चारदिवारी एवं जमीन का निबंधन का खर्च मिलाकर 47 लाख 75 हजार रुपया रणधीर कुमार सिंह एवं नरेन्द्र कुमार सिंह ने प्राप्त किया। कैसे-कैसे दिए गए रुपए अर्चना कुमारी के द्वारा सतरह लाख पचास हजार रुपए नरेन्द्र कुमार सिंह ने नगद प्राप्त किया। सात लाख रुपए चारदिवारी कराने हेतु नरेन्द्र कुमार सिंह ने हमसे प्राप्त किया एवं मेरी साली प्रभा कुमारी से रणधीर कुमार सिंह एवं नरेन्द्र कुमार सिंह चेक नं0 570006, 570007, 570008, 570009, 313641 एवं फोन पे के माध्यम से कुल रकम चौदह लाख पचास हजार एवं नगद आठ लाख पचहत्तर हजार प्राप्त किया। जमीन मालिक को जानकारी नहीं जब जमीन का निबंधन करने हेतु दोनो लोगों को दबाव बनाने लगे तो दोनो टाल-मटोल करने लगे। तब जमीन के असली मालिक बबन सिंह के घर पर अपने पत्नी के साथ जाकर मिले तो ज्ञात हुआ की बबन सिंह के द्वारा जमीन बिक्री का कोई मनोबंध अभियुक्तगण के नाम नही किया है।

## अतिया गांव में शिव चर्चा का आयोजन



**बोधगया।** रविवार को अतिया पंचायत के गंगहर गांव मे एक दिवसीय शिव चर्चा के आयोजन में सैकड़ों शिव शिष्यों ने भाग लिया। दर्जनों लोगों ने देवाधिदेव महादेव का शिष्य बनकर खुद का अहोभाग्य माना। एक दिवसीय शिव चर्चा में स्थानीय एवं दूसरे जगह के गुरू भाई बहनों ने अपने-अपने विचार व भजन प्रस्तुत कर लोगों को गुरू के प्रति समर्पित होना के लिए प्रेरित किया। मौके पर शेरघाटी से शिवभक्त सिंधु देवी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि शिव जगत गुरू है अर्थात संसार के जितने भी लोग है सभी उनके शिष्य हैं। हम सदियों से उनका भगवान भाव से पूजा अर्चना करते आ रहे हैं। यदि हम उन्हें गुरू भाव से याचना पूर्वक दया मांगे तो हमारा कल्याण निश्चित होगा।

यदि इस संसार के एक-एक लोग उन्हें शिष्य बनकर गुरु भाव दे तो पूरे जगत का कल्याण निश्चित रूप से सुगमता से हो जायेगा। हमलोगों का पहला कार्य है। अपने आसपास के लोगों को प्रेरित कर उन्हें भी जागृत करना और शिव शिष्य परिवार का विस्तार करना। मौसम गर्म रहने पर पंचायत समिति पति सुनील यादव के तरफ से ठंडा पानी व शरबत का व्यवस्था किया गया।

# डूबने से तीन मासूम की मौत, मरने वालों में दो सगे भाई भी शामिल

**कार्यालय संवाददाता**



**औरंगाबाद।** औरंगाबाद में सोमवार को तालाब के पिंड निर्माण के लिए खोदे गए गड्ढे में तीन मासूम डूब गए, जिससे तीनों की मौत हो गए। घटना जम्होर थाना क्षेत्र राज कचहरी मुहल्ला की है। मृतकों में उसी मुहल्ला निवासी गोपाल यादव का 6 वर्षीय बेटा आयुष कुमार, 4 वर्षीय बेटा पियूष कुमार व गोविन्द यादव का 5 वर्षीय बेटा तेजस्वी यादव शामिल है। घटना के बाद आसपास के लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे और तीनों को गड्ढा से निकालकर आनन-फानन में जम्होर सरकारी अस्पताल ले गए। जहां से सभी को रेफर कर दिया गया। इसके बाद परिजन तीनों को सदर अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद तीनों को मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद इसकी सूचना नगर थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही नगर थाना पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर कागजी प्रक्रिया पूरी कर पोस्टमार्टम कराई। फिर परिजनों को सौंप दिया। घटना के बाद से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है गांव में मातम पसरा हुआ है परिजनों ने आपदा राहत के तहत मुआवजा की मांग की है। परिजनों के अनुसार तीनों भाई खेलने के लिए घर से सुबह 09:00 बजे निकले थे। घर से लगभग 200 मीटर की दुरी पर एक तालाब खोदा गया है। जिसके पिंड को ऊंचा करने के लिए गड्ढा खोदकर मिट्टी निकाला गया था। उक्त गड्ढा में गांव के नाली का पानी जमा था। जिसमें तीनों गिर गए। गड्ढा में तीनों मासूम कैसे गिरे, यह कोई नहीं देखा। कुछ देर बाद गांव के कुछ महिलाएं तालाब के पास पहुंचे तो देखा कि तालाब में तीनों मासूम डूबे हुए हैं। यह देख महिलाओं द्वारा शोर मचाया गया। शोर सुनकर लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे और तीनों को गड्ढा से निकालकर आनन-फानन में जम्होर पीएचसी लेकर पहुंचे। जहां से प्राथमिक इलाज के बाद रेफर कर दिया गया। जिसके बाद परिजन तीनों को सदर अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार तीन मासूम बच्चों के मौत से दो घरों का चिराग बुझ गया। परीजनों के अनुसार गोपाल यादव का दो बेटा ही थे। दोनों की डूबकर मौत हो गए। वहीं गोपाल यादव के अपना सगा भाई गोविन्द यादव का एक बेटा था। जिसकी नाली के पानी में डूबकर मौत हो गई। हालांकि गोपाल यादव के एक बेटी है।

# बिहार में नहीं थम रहा हीटवेव से मौत का सिलसिला

**निज संवाददाता**



**पटना।** बिहार में भीषण गर्मी पड़ रही है। हीटवेव और लू का कहर लगातार जारी है। वहीं इन दिनों लू के चपेट में आने से कई लोगों की मौत हो चुकी है। हर दिन लू की चपेट में आने से मरने वाले लोगों का आकड़ा बढ़ते जा रहा है। वहीं नालंदा और भागलपुर में भी लू की चपेट में आने से दो लोगों की मौत हो गई है। मिली जानकारी अनुसार, लू की चपेट में आने से एएसआई सुभाष प्रसाद की मौत हो गई है। मृतक एएसआई नालंदा के कतरीसराय थाना में पदस्थापित थे। बताया जा रहा कि, उनकी तबियत अचानक खराब होने पर इलाज के पावापुरी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। जहां उनकी मौत हो गई। वहीं भागलपुर के बरारी थाना क्षेत्र के सीढ़ी घाट पर लू लगने से एक अज्ञात व्यक्ति की मौत हो गई है। बरारी पुलिस को स्थानीय लोगों के द्वारा वृद्ध की मौत की सूचना दी गई। जिसके बाद बरारी थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे और शव का जायजा लिया। मृतक की पहचान के लिए आसपास के लोगों से पूछताछ भी की गई। लेकिन कोई कुछ भी नहीं बता पाया। मामले को लेकर आस पास के लोगों का कहना था कि यह व्यक्ति 11 बजे दिन से ही सीढ़ी घाट के पास पेड़ नीचे सोया हुआ था। वहीं मृतक के शव को लाने वाला एंबुलेंस ड्राइवर के द्वारा बताया गया कि आसपास के लोग कह रहे थे कि तेज गर्मी में लू लगने के कारण उसकी मौत हो गई है। वहीं अभी तक मृतक के परिजनों का पता नहीं चला है। पुलिस इनके परिजनों का पता करने में जुटी हुई है।

# कल से बारिश का अनुमान गर्मी से लोगों को मिलेगी राहत

**निज संवाददाता**



**औरंगाबाद।** औरंगाबाद में भीषण गर्मी के बीच लोगों के लिए राहत की खबर है। हीट वेव का असर कम रहेगा, लेकिन तिखी धूप निकलेगी। मौसम विभाग के मुताबिक औरंगाबाद में मंगलवार से बारिश का आसार हैं। जिले के बारूण प्रखंड के सिरिस स्थित कृषि विज्ञान केन्द्र के मौसम वैज्ञानिक डॉ. अनूप चौबे ने बताया कि जिले में आज से मौसम बदलने का अनुमान है। मंगलवार से जिले के कुछ इलाके में बादल के साथ-साथ बूंदाबांदी बारिश भी हो सकती है। 22 जून तक जिले में अच्छी बारिश की संभावना है। इसके बाद जिले वासियों को गर्मी से निजात मिलेगी। जिले में जारी भीषण गर्मी व लू को देखते हुए जिले के सभी स्कूलों को 24 जून तक बंद कर दिया गया है। इस संबंध में डीएम सुहर्ष भगत ने आदेश जारी किया है। जिसमें कहा गया है कि भीषण गर्मी व लू को देखते हुए जिले के सभी स्कूल बंद रहेंगे। संबंधित अधिकारियों को आदेश का पालन करवाने का निर्देश डीएम द्वारा दिया गया है। जिन संस्थाओं द्वारा उक्त आदेश का पालन नहीं किया जाएगा। उनके खिलाफ कार्रवाई होगी।

## जिले में 24 जून तक सभी स्कूल हुए बंद, निर्देश जारी

**औरंगाबाद (नि.सं.)।** जिले में जारी भीषण गर्मी को देखते हुए जिले के सभी स्कूलों को बंद कर दिया गया है। रविवार को डीएम सुहर्ष भगत ने आदेश जारी किया है। जिसमें कहा गया है कि भीषण गर्मी व लू को देखते हुए जिले के सभी स्कूल बंद रहेंगे। संबंधित अधिकारियों को आदेश का पालन करवाने का निर्देश डीएम द्वारा दिया गया है। जिन संस्थाओं द्वारा उक्त आदेश का पालन नहीं किया जाएगा। उनके खिलाफ कार्रवाई का निर्देश डीएम द्वारा दिया गया है। डीएम ने बताया कि भीषण गर्मी व लू से बच्चों को परेशानी न हो इसको ध्यान में रखते हुए स्कूल बंद करने का आदेश दिया गया है। जिले में भीषण गर्मी से आज यानी सोमवार से निजात मिल सकती है। मौसम विभाग ने तापमान में गिरावट की आशंका जतायी है।

# 2 मई को हुई थी मारपीट, मुख्य आरोपी समेत सात लोगों पर मामला दर्ज

**निज संवाददाता**



**औरंगाबाद।** में मारपीट में गंभीर रूप से जख़्मी एक युवक का इलाज के दौरान सोमवार की सुबह गया के एक निजी अस्पताल में मौत हो गई। मृतक 35 वर्षीय विनय सिंह उर्फ मुन्ना माली थाना क्षेत्र के जनतुआ गांव निवासी मानदीप सिंह का बेटा था। युवक की मौत के बाद परिजन शव लेकर माली थाना पहुंचे। जिसके बाद माली थाना पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर कागजी प्रक्रिया पूरी कर पोस्टमार्टम के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल भेज दिया। जहां से पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में मातम पसरा हुआ है। परिजनों ने बताया कि 2 मई की शाम विनय सब्जी खरीदने माली थाना क्षेत्र के इटवां मोड़ स्थित योगेंद्र मेहता के दुकान पर गया था। जहां किसी बात को लेकर विवाद हुआ। जिसके बाद योगेंद्र समेत कई लोगों ने मिलकर लाठी-डंडे व रोड से विनय की पिटाई कर दी। जिसके कारण विनय गंभीर रूप से जख्मी हो गया। घटना की सूचना पाकर माली थाना पुलिस द्वारा जख्मी हालत में विनय को माली के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने इसकी सूचना परिजनों को दी थी। गंभीर रूप से जख्मी होने के कारण माली के निजी अस्पताल से बेहतर इलाज के लिए विनय को रेफर कर दिया गया। जिसके बाद परिजनों द्वारा उसे इलाज के लिए गया ले जाया गया था। जहां एक निजी अस्पताल में इसका इलाज चल रहा था। तबीयत में सुधार नहीं हो रहा था। करीब डेढ़ महीने बाद सोमवार की सुबह युवक ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। इस संबंध में माली थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार ने बताया कि मामले में मृतक के पिता मानदीप सिंह के बयान पर एफआईआर दर्ज किया गया है। जिसमें योगेंद्र मेहता समेत सात लोगों को नामजद आरोपी बनाया गया है। आरोपियों को गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। किसी भी सूरत में आरोपियों को बख्शा नहीं जाएगा। कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# एल-20 के शिखर सम्मेलन में होगी सामाजिक सुरक्षा पर चर्चा

## महिला और रोजगार विषय पर मंत्रणा

- उपर्युक्त बातें भारतीय मजदूर संघ के अखिल भारतीय संगठन मंत्री सह एल-20 के मुख्य समंवयक बी. सुरेंद्रन ने कही।

**निज संवाददाता**



**पटना।** आगामी 21 से 23 जून तक पटना में प्रस्तावित एल-20 के शिखर सम्मेलन में 'सभी के लिए सामाजिक सुरक्षा' तथा 'महिला और रोजगार' विषय पर चर्चा होगी। इस सम्मेलन में 28 देशों के केंद्रीय श्रम संगठनों के प्रतिनिधि एवं श्रम क्षेत्र के विशेषज्ञ भाग लेंगे, जिसका उदघाटन बिहार के राज्यपाल द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया जायेगा। उपर्युक्त बातें भारतीय मजदूर संघ के अखिल भारतीय संगठन मंत्री सह एल-20 के मुख्य समंवयक बी. सुरेंद्रन ने कही। स्थानीय एक्जीबिशन रोड अवस्थित एक होटल में एल-20 बैठक की तैयारी की समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य समंवयक श्री सुरेंद्रन ने बताया कि बिहार की धरती पर आने वाले देशी-विदेशी प्रतिनिधियों का स्वागत बीएमएस एवं इसकी अनुषांगिक इकाई करेगी। पटना एयरपोर्ट, ज्ञान भवन एवं पटना साहिब गुरुद्वारा प्रांगण में स्थानीय कार्यकर्ताओं द्वारा देशी-विदेशी प्रतिनिधियों का स्वागत किया जायेगा। दिनांक 24 जून को प्रतिनिधियों का समूह नालंदा का दर्शन-परिदर्शन करेगा और वहाँ के स्थानीय कार्यकर्ता समूह का स्वागत करेंगे। श्री सुरेंद्रन ने बताया कि भारतीय मजदूर संघ के लिए यह सुनहरा अवसर है कि एल-20 की मेजबानी बीएमएस को दी गयी है। बीएमएस के राष्ट्रीय अध्यक्ष हिरण्मय पंड्या एल-20 के अध्यक्ष हैं। बिहार की धरती पर आयोजित होने वाले इस शिखर सम्मेलन को यादगार बनाने का संकल्प दुहराया गया। समीक्षा बैठक में भारतीय मजदूर संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुखमिंदर सिंह डिक्की, संगठन मंत्री पवन कुमार, धर्मदास शुक्ला व ब्रजेश कुमार, प्रांतीय महामंत्री संजय कुमार सिन्हा, वित्त प्रभारी मनीष कुमार, प्रांतीय मंत्री अशोक कुमार व रामबाबू सिंह, प्रांतीय उपाध्यक्ष राकेश चौधरी, प्रांतीय मीडिया प्रभारी मुकेश कुमार सिन्हा के अलावा यश शर्मा, नीरज वर्मा, राजू कुमार आदि उपस्थित थे। समीक्षा बैठक की अध्यक्षता प्रांतीय अध्यक्ष राजेश कुमार लाल ने की।

# भारतीय जनता पार्टी के द्वारा व्यवसायिक सम्मेलन का किया गया आयोजन

**कार्यालय संवाददाता**



**औरंगाबाद।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में भाजपा सरकार के सफलतम और राष्ट्र निर्माण में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के नौ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में महा-जनसम्पर्क अभियान कार्यक्रम के तहत औरंगाबाद भारतीय जनता पार्टी के द्वारा बंधन रिसोर्ट में व्यवसायिक सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सह दिल्ली विधानसभा के पूर्व विधायक आर.पी.सिंह शामिल हुए एवं इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से सांसद सुशील कुमार सिंह, विधान पार्षद दिलीप सिंह, प्रदेश प्रवक्ता मनीष पांडेय, जिलाध्यक्ष मुकेश शर्मा उपस्थित रहे। सभी ब्यवसाईयों ने अपने संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी के सफलतम नौ वर्ष में विकास एवं ब्यापार से जुड़े सभी मुद्दों पर विस्तृत रूप से चर्चा किया इस कार्यक्रम का अध्यक्षता दवा विक्रेता संघ के अध्यक्ष बैजनाथ प्रसाद एवं संचालन जिला प्रवक्ता जितेन्द्र गुप्ता ने किया। इस मौके पर राष्ट्रीय प्रवक्ता आर.पी.सिंह ने सभी उपस्थित लोगो से संवाद किया एवं लोगो को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी सरकार को देश की सत्ता में काबिज हुए 9 साल पूर्ण होने पर देश में काफी कुछ बदल गया है देश की जीडीपी दोगुनी हो गई है आम आदमी की सालाना कमाई दोगुनी हो गई है। भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है मोदी सरकार में विदेशी मुद्रा भंडार ढाई गुना तक बढ़ा है कारोबार करने और अपनी मुद्रा को मजबूत बनाए रखने के लिए विदेशी मुद्रा भंडार जरूरी होता है अभी देश में लगभग 50 लाख करोड रुपए से ज्यादा का विदेशी मुद्रा भंडार है। कोविड-19 के संकट काल से बाहर आकर भारतीय इकोनॉमी दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था का तमगा हासिल कर चुकी है और यह वास्तव में बड़ी उपलब्धि है। मोदी सरकार में व्यापारियों पर विश्वाश बढ़ा है। ये लोग हमारे परिवार के हिस्सा है। जी.एस.टी.कि कैलकुलेशन 1.87 लाख है। सांसद सुशील कुमार सिंह ने कहा कि जी.एस.टी.आने के बाद सभी व्यवसाय वर्ग के लोगो को काफी सुविधा हुई है। भारत देश में मोबाइल कंपनियां बड़े स्तर पर मोबाइल बना रही है। फल, सब्जी का निर्यात बढ़ा है। इकोनॉमी में हम पहले दसवें नंबर पर थे लेकिन आज हम पांचवे नंबर पर हैं यह बहुत बड़ी बात हैं। इस कार्यक्रम में भाजपा वरीय नेता सुनिल सिंह, सांसद प्रतिनिधि अश्विनी सिंह, ब्यवसाय प्रकोष्ठ जिला संयोजक कृष्णा गुप्ता उर्फ पिन्टु, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष सह कार्यक्रम प्रभारी बिनय सिंह, प्रदेश कार्य समिति सदस्य अनिल सिंह, पुरषोतम सिंह, गोपाल शरण सिंह, युवा भाजपा नेता प्रवीर सिंह, लोकसभा विस्तारक विकास कुमार उर्फ भोजपुरिया बाबा, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष शुभेन्दु शेखर, जिला महामंत्री मुकेश सिंह, संजय गुप्ता, भाजपा नेता राकेश कुमार देवता, मितेन्द्र सिंह, दिपक सिंह, अनिता सिंह, जुलेखा खातुन, गुड़िया सिंह, मो. सुहैल, कन्हैया प्रसाद, अमिताभ सिंह, तीर्थ नारायण प्रसाद वैश्य, सुरेन्द्र जैन, मनीष गुप्ता, अशोक प्रसाद, डब्लू कुमार, राजू गुप्ता, बुलबुल सिंह, विजय अग्रवाल, अमन शेखर जायसवाल, जीतू जैन, सूरज कुमार, मनोज गुप्ता, अंकित सिंह, सोनु सिंह, रामकुमार सिंह, देव पुर्व उप प्रमुख मनीष पाठक एवं शहर के बड़े संख्या में सभी व्यवसाई लोग उपास्थि रहे।

